CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:34 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:50 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 69 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 1 सितम्बर 2026

कृति सेनन के विज्ञापन विवाद...पेज-3 पर

## संस्कृत शोभा यात्रा का मेयर गजराज ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार द्वारा आयोजित विशाल संस्कृत शोभा यात्रा का उद्घाटन मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने हरी झंडी दिखाकर किया। रामलीला मैदान हल्द्वानी से शोभायात्रा में विविध प्रकार की झांकियां सजाई गई थी। पंक्तियों हाथ में ध्वजा पट्टिकाऐं जिनमें संस्कृत में उद्घोष लिखे हुए थे। संस्कृत गीत श्लोकों का उच्चारण करते हुए विशाल शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए पर्व उत्थान मंच हीरानगर में पहुंची ।भव्य एवं दिव्य झांकियों को देखने के लिए मार्ग सैकड़ों लोग ने झांकियों का दर्शन तथा स्वागत किया।मेयर गजराज सिंह बिष्ट पूरी शोभायात्रा में पैदल चलने उनके साथ अनेक गणमान्य लोग भी शोभायात्रा में शामिल हुए। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, महामण्डलेश्वर स्वामी मोनान्द महाराज व अनेक विद्वान शोभायात्रा में पैदल चलते रहे। मार्ग में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के सचिव प्रोफेसर डा विनय विद्यालंकार ने लोगों को संस्कृत भाषा के महत्व व उसकी उपादेयता के बारे में जानकारी दी। शोभायात्रा पर्वतीय उत्थान मंच हीरानगर पहुंची जहां विशाल गोष्ठी व सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर गए सिंह बिष्ट ने कहा कि संस्कृति देवों की भाषा है उत्तरखंड में संस्कृत को द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्राप्त है अत: यह जन जन की भाषा बने इसके लिए सभी को संस्कृत की महत्ता को समझने होगा। महामण्डलेश्वर स्वामी मोनान्द महाराज ने कहा कि संस्कृत भाषाओं की जननी है इससे ही अन्य भाषाओं का जन्म हुआ है। विशिष्ट अतिथि प्रदीप बिष्ट ने कहा कि हमें जीवन में आध्यात्म का मार्ग संस्कृत के माध्यम से मिलता है। सहायक निदेशक संस्कृत डा यशोदा प्रसाद सिमलटी ने बताया कि शोभायात्रा में सभी संस्कृत से जुड़े हुए लोगों ने प्रतिभाग जो प्रशंसनीय विषय है अनेक विद्वान कथा व्यास आचार्य समाजसेवी जनों का इसमें योग दान रहा है। डा नवीन चन्द्र जोशी ने बताया कि शोभायात्रा में छात्रों सामाजिक संगठनों विद्वानों अतिथियों सहित 750 लोगों ने शोभायात्रा में भाग लिया। मंच में अनेक विशिष्ट विद्वानों को मुख्य अतिथि व अकादमी सचिव द्वारा सम्मानित किया गया। डाक्टर भुवन चन्द्र त्रिपाठी श्रीमती जानकी त्रिपाठी डा देवेन्द्र प्रसाद हरबोला डा के सी जोशी डा राजेन्द्र भट्ट डा मनोज पाण्डेय डा सहित अनेक विद्वान को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ शोभायात्रा में शामिल सभी विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डा चन्द्र बल्लभ बेलवाल डा नवीन चन्द्र बेलवाल डा एस डी तिवारी डा जगदीश पाण्डेय डा नीरज जोशी चन्द्र शेखर भट्ट डा डी डी गुणवन्त भारत भूषण पाण्डेय डा नारायण दत्त थुवाल डा प्रकाश रुवाली डा कल्पना जोशी आदि ने सहयोग किया ।कार्यक्रम का संचालन शोध अधिकारी डा हरीश चन्द्र गुररानी व सहसंयोजक डा नवीन चन्द्र जोशी ने किया।

**News कॉर्नर**

### उत्तराखंड मुकत विवि के कुलपति प्रो.लोह्नी को मिला कुविवि का भी दायित्व



नैनीताल । कुमाऊं विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कुमाऊं विश्वविद्यालय पहुंचकर कुलपति पद का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। प्रो. लोहनी वर्तमान में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति के पद पर कार्यरत हैं।

राजभवन की ओर से उन्हें कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रजनीश पांडे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रो. लोहनी का स्वागत किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उनसे मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रो. संजय पंत, प्रो. अमित जोशी, डॉ. नंदन बिष्ट, डॉ. एस.एस. बरगली, वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी, राकेश कुमार, डॉ. सावित्री कैरा, डॉ. शीर्ष मौर्य, डॉ. रीना सिंह, नवीन पनेर, डॉ. चंद्रकला रावत, कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी,डॉ. शिवांगी ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया।

**एससीओ समिट 2026: बिश्केक से दुनिया को बड़ा संदेश**

## पीएम मोदी-जिनपिंग-पुतिन ने घोषणा पत्र पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली**

एजेंसी



एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाकर अभिवादन किया। वहीं, सम्मेलन में पीएम मोदी आज दुनिया को बड़ा संदेश दे सकते हैं।

26वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन समेत कई देशों के नेताओं ने संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल विश्व नेताओं की मौजूदगी में घोषणा पत्र पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान सदस्य देशों के बीच साझा मुद्दों और सहयोग को लेकर सहमति को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

पीएम मोदी ने कहा कि एससीओ के तीन प्रमुख स्तंभों को केवल विजन तक सीमित रखने के बजाय अब उन्हें ठोस परिणामों में बदलने का समय आ गया है। इसके लिए सबसे पहली जरूरत शांति और सुरक्षा की है। उन्होंने आतंकवाद को पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि इसके खिलाफ सभी देशों को एकजुट होकर काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में केवल हमले के बाद जवाब देना पर्याप्त नहीं है। आतंकवाद के वित्तपोषण, भर्ती, कट्टरपंथीकरण और आतंकियों को सुरक्षित पनाह देने वाले पूरे तंत्र को खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि इस गंभीर मुद्दे पर सभी देशों को एक सुर में स्पष्ट संदेश देना चाहिए कि आतंकवाद के खिलाफ दोहरे मापदंड की कोई जगह नहीं हो सकती। जो देश आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करते हैं या आतंकियों को पनाह और समर्थन देते हैं, उन्हें स्पष्ट संदेश दिया जाना चाहिए कि आतंकवाद किसी के लिए रणनीतिक संपत्ति नहीं बन सकता।

## एसआईआर पर प्रशासन की पैनी नजर, 2.35 लाख नोटिसों की 100 फीसदी तामील

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर-2026) में प्रशासन ने निगरानी और सत्यापन का शिकंजा और कस दिया है। सोमवार को तहसील हल्द्वानी के एनआईसी कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई साप्ताहिक बैठक में पुनरीक्षण अभियान की प्रगति से लेकर दावे-आपत्तियों के निस्तारण तक की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहे और अपात्र नाम सूची में न रहें, इसके लिए सत्यापन प्रक्रिया को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एक जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर चल रहे एसआईआर अभियान के तहत जिले में कुल 6,93,325 मतदाताओं के सापेक्ष करीब 2.35 लाख नोटिस जारी किए गए। अधिकारियों के मुताबिक सभी नोटिसों की शत-प्रतिशत तामील पूरी हो चुकी है। अब ईआरओ नेट सॉफ्टवेयर पर प्राप्त फॉर्म-6, 7 और 8 के आवेदनों की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। फॉर्म-6 के जरिए नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जा रहे हैं, जबकि फॉर्म-7 के माध्यम से आपत्तियां और फॉर्म-8 से नाम, पता अथवा अन्य विवरणों में संशोधन संबंधी आवेदन लिए जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र 56-लालकुआं और 59-हल्द्वानी में दावे-आपत्तियों के निस्तारण की निगरानी के लिए कौशल विकास विभाग के निदेशक संजय कुमार को पर्यवेक्षक बनाया गया है। दावे-आपत्तियों से जुड़े फॉर्म-9, 10, 11, 11ए और 11बी प्रतिदिन मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं जिला प्रशासन की वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रशासन ने बूथ स्तर पर भी निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक बीएलओ के कार्य का कम से कम पांच प्रतिशत सत्यापन बीएलओ सुपरवाइजर करेंगे। जिस मतदान केंद्र पर अपमार्जन की दर दो प्रतिशत से अधिक मिलेगी, वहां ईआरओ द्वारा व्यक्तिगत सत्यापन कराया जाएगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विवेक राय ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने और किसी भी त्रुटि को दुरुस्त कराने के लिए निर्धारित फॉर्म-6, 7 और 8 के माध्यम से आवेदन कराएं। उन्होंने कहा कि एसआईआर के तहत आने वाले सभी दावे और आपत्तियों का निस्तारण निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से किया जाएगा।

## भीमताल: नाले के तेज बहाव में बही तीन साल की मासूम, झील किनारे मिला शव

**भीमताल**

हमारे संवाददाता

भीमताल बाईपास पर मंगलवार सुबह 11 बजे नाले के तेज बहाव में तीन साल की एक बच्ची बह गई। परिजनों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन बचा नहीं पाए। पुलिस और परिजनों ने खोजबीन की तो बच्ची का शव आधा किलोमीटर दूर झील किनारे बोट स्टैंड के पास मिला।

भीमताल बाईपास पर मंगलवार की सुबह 11 बजे नाले के तेज बहाव में बहने से तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची को बहता हुआ देख परिजनों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन उसे बचा नहीं पाए। घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस और परिजनों ने बच्ची की खोजबीन की। पानी का बहाव तेज होने के चलते बच्ची का शव आधा किमी दूर झील किनारे बोट स्टैंड के पास पड़ा हुआ मिला। बच्ची की शिनाख्त पल्लवी (3) पुत्री भुवन कुमार निवासी बाईपास के रुप में हुई। पुलिस बच्ची को अचेत अवस्था में भीमताल सीएचसी लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी के डॉक्टर जितेंद्र ने बताया 11.30 बजे स्थानीय लोग और भीमताल पुलिस बच्ची को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां बच्ची को सीपीआर और वाइटल इंजेक्शन की मदद से उठाने की कोशिश की गई लेकिन कोई भी हलचल शरीर में नहीं पाई गई जिस कारण बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया।

### आज देहरादून और टिहरी में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, दून में स्कूल-आंगनबाड़ी बंद

**देहरादून।** उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में फिलहाल बारिश से राहत के आसार नहीं हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार सितंबर की शुरुआत भी तेज बारिश के साथ ही होगी। विभाग ने एक सितंबर के लिए देहरादून और टिहरी जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा मौसम की स्थिति के मद्देनजर जिलाधिकारी देहरादून ने दिनांक 1 सितंबर को जनपद के समस्त विद्यालयों (कक्षा 1 से 12 तक) एवं सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया है। मौसम विभाग ने अलावा पौड़ी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल और हरिद्वार जिले में बिजली चमकने के साथ तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

## मकान में घुसा मलबा, एक ही परिवार के तीन की मौत

**अल्मोड़ा**

हमारे संवाददाता





अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर तहसील स्थित हवालबाग ब्लॉक के वडयूड़ा गांव में भारी बारिश के कारण देर रात करीब दो बजे पहाड़ी से मलबा एक मकान में घुस गया। इस हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मलबे में दबने से मौत हो गई।

अल्मोड़ा जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच सोमेश्वर तहसील क्षेत्र के हवालबाग ब्लॉक अंतर्गत वडयूड़ा गांव में दर्दनाक हादसा हो गया। देर रात करीब दो बजे तेज बारिश के चलते पहाड़ी से मलबा एक मकान में घुस गया। हादसे में एक परिवार के तीन लोगों की दबकर हुई मौत। मृतकों में प्रेमा देवी पत्नी राजेंद्र राम, कल्पना आर्या पुत्री राजेंद्र राम, मनीष कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार हैं। बताया जा रहा है कि मलबे में दबने वालों में एक महिला और उनके बेटा-बेटी शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ, फायर सर्विस, आपदा प्रबंधन और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

# दूषित जल को लेकर लोगों का फूटा गुस्सा

## ज्योलीकोट में दिया धरना,जल संस्थान के खिलाफ की नारेबाजी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदूषित जल के सेवन से लोगों को टाइफाइड,पीलिया व डायरिया समेत अन्य बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर क्षेत्र के वाशिंदों में जल संस्थान के प्रति खासा रोष है। गुस्साएं लोगों ने धरना देकर जल संस्थान के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया।

बता दें ज्योलीकोट समेत कृष्णापुर और दुर्गापुर से लगे बीरभट्टी, गांजा, छिंडां मल्ला, बगरीखोड़, छिंडां तल्ला आदि गांव के लोग दूषित पेयजल संबंधी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। बीती 13 अगस्त को निजी स्कूल के छात्रों के पीलिया संबंधी बीमारियों से ग्रसित मिलने के बाद स्कूल बंद होने और गांव के पानी संबंधी समस्याओं को सामने लाया गया था। इसके बाद से ही इसपर बड़े पैमाने पर चर्चाएं और सुधार कार्य होने लगे थे। जल संस्थान ने पानी की गुणवत्ता चैक की तो उसमें सीवेज का मिकस होना पाया गया।



इसके बाद विभाग ने स्कूल में ट्रीटमेंट शुरू करवाया और साथ में सीवेज और पेयजल की लाइनों को चैक कर अलग अलग किया।ज्यूलिकोट के आसपास पिछले कुछ दिनों से क्षेत्रवासियों के लगातार बीमार होने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने राष्टीय राजमार्ग ज्यूलिकोट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। बता दें ज्यूलिकोट का रहने वाला 7 वर्षीय रुद्रा बरेली के श्रीराम मूर्ति अस्पताल में भर्ती है वहीं ज्यूलिकोट निवासी खिलावती के दो बच्चे असमित व वंशिका नैनीताल बीड़ी पाण्डे अस्पताल में भर्ती हैं वहीं 26 वर्षीय ज्यूलिकोट निवासी देव जोशी हल्द्वानी के उजाला सिग्निस में आईसीयू में एडमिट हैं। उसकी एसजीपीटी 13000 है।

# हाईकोर्ट ने बहुचर्चित ठगी मामले में हरिद्वार की निचली अदालत को कड़ी फटकार लगाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकल पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्या फार्मेसी से जुड़े बहुचर्चित ठगी मामले में हरिद्वार की निचली अदालत को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने न्यायिक अनुशासन का पालन न करने पर नाराजगी जताते हुए ट्रायल कोर्ट को धोखाधड़ी से जुड़े 31.21 करोड़ की फ्रीज राशि के निस्तारण (धारा 451 सीआरपीसी) पर दो सप्ताह के भीतर अंतिम फैसला सुनाने के निर्देश दिए हैं।

बता दें यह मामला जून 2022 का है जब पतंजलि के प्रतिनिधि रमण पंवार की शिकायत पर कनखल थाने में मुखय आरोपी राकेश मेहरा और अन्य के खिलाफ एफ आईआर दर्ज कराई गई थी जिसके बाद जांच एजेंसी ने राकेश मेहरा और उनकी बेटियों के खातों से 31.21 करोड़ की राशि फ्रीज कर दी थी। पीड़ित पक्ष द्वारा फ्रीज राशि को मुक्त कराने के लिए दाखिल अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट ने 6 मई 2025 को ट्रायल कोर्ट को कानून के अनुसार निस्तारण का स्पष्ट आदेश दिया था। इसके बावजूद 22 जुलाई 2026 को हरिद्वार की ट्रायल कोर्ट ने यह तर्क देते हुए फैसला टाल दिया कि हाईकोर्ट द्वारा प्रशासनिक स्तर पर उनसे कुछ टिप्पणियां मांगी गई हैं। इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती देने पर न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने 24 अगस्त 2026 को कहा कि सुप्रीम कोर्ट देश की सर्वोच्च अदालत है और प्रशासनिक पत्राचार का बहाना बनाकर उसके आदेश का पालन न करना न्यायिक अनुशासन का गंभीर उल्लंघन है।

उच्च न्यायालय ने आरोपी पक्ष की उन दलीलों को खारिज कर दिया जिनमें उन्होंने ट्रायल कोर्ट के जज पर पक्षपात का आरोप लगाकर मामला ट्रांसफर करने की मांग की थी। याचिकाओं का निपटारा करते हुए हाईकोर्ट ने हरिद्वार के न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय को आदेश दिया कि वे आदेश की प्रति प्राप्त होने के दो सप्ताह के भीतर 15 जुलाई 2026 को पूरी हो चुकी सुनवाई के आधार पर 451 सीआरपीसी के तहत दाखिल आवेदनों पर अपना अंतिम फैसला सुनाएं।

# अस्मिता सेपक टाकरा सिटी लीग आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारत सरकार द्वारा बालिकाओं को खेलों से जोडने के लिए 2003 से आरंभ कार्यक्रम अस्मिता के तहत एक ओंकार ग्लोबल स्कूल में द सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा अस्मिता सेपक टाकरा सिटी लीग-2026 का आयोजन किया गया जिसमें काशीपुर शहर के विभिन्न विद्यालयों की 100 से अधिक बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ में एक ओंकार ग्लोबल स्कूल के प्रबंधक सुखविंदर सिंह द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन में रहकर खेलने हेतु उत्साहित किया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच एक ओंकार ग्लोबल स्कूल तथा उड़ान फाउंडेशन के मध्य खेला गया जिसमे एक ओंकार ग्लोबल स्कूल ने उड़ान फ ाउंडेशन को सीधे सेटों में 2-0 से हराया। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफ इनल मैच होली एंजल पबलिक स्कूल तथा राधे हरि कॉलेज के मध्य खेला गया जिसमें राधे हरि कॉलेज ने होली एंजल पब्लिक स्कूल को सीधे सेटों में 2-0 से हराया जबकि प्रतियोगिता का फ इनल मुकाबला एक ओंकार ग्लोबल स्कूल तथा राधे हरि कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें राधे हरि कॉलेज विजेता रहा तथा एक ओंकार ग्लोबल स्कूल उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर विजेंद्र चौधरी अध्यक्ष सिलेशन कमेटी एथलेटिस एसोसिएशन ऑफ़ उत्तराखंड के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। द सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के चेयरमैन डॉ.नागेंद्र शर्मा ने बताया कि यह आयोजन भारत सरकार के अस्मिता कार्यक्रम के तहत क्षेत्र की बालिकाओं को खेलों से जोडने के लिए किया गया है।भविष्य में भी समय समय पर एसे कार्यक्रम संघ द्वारा आयोजित किए जाते रहेंगे। निर्णायक प्रगति दुमका,कशिश शर्मा,जया पांडे, श्वेता भकुनी, एमजोत कौर,सावन महरोत्रा, गौरव बिनवाल,योगेश पांडेय तथा चेतन भट्ट , लोकेश पांडेय व पप्पू बिष्ट रहे।

# प्रसव केंद्रों की स्वच्छता व संक्रमणमुक्त व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं:सीएमओ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जनपद नैनीताल के सभी प्रसव केंद्रों को स्वच्छ, संक्रमणमुक्त एवं सुरक्षित बनाए रखने के साथ-साथ टीबी मुक्त भारत अभियान, जल जनित रोगों की रोकथाम, प्रतिरक्षण, गैर संचारी रोग, एचपीवी वैकसीनेशन तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रभावी प्रगति को लेकर मुखय चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि पंत ने सोमवार को जनपद के सभी बलॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।

बैठक में मुखय चिकित्सा अधिकारी डा.पंत ने सभी बलॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के प्रत्येक प्रसव केंद्र पर स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, आवश्यक संसाधनों एवं सुरक्षित प्रसव की व्यवस्थाएं हर समय दुरुस्त रहनी चाहिए। उन्होंने अपर मुखय चिकित्सा अधिकारियों एवं बलॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रसव केंद्रों का नियमित एवं औचक निरीक्षण किया जाए तथा निरीक्षण की रिपोर्ट मुखय चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को मुहैया कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रसव केंद्र पर स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण अथवा आवश्यक व्यवस्थाओं में कमी पाई गई तो संबंधित बलॉक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।डॉ. पंत ने कहा कि प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचने वाली प्रत्येक गर्भवती महिला को सममानजनक, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। सभी प्रसव केंद्रों में संक्रमण नियंत्रण के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता न हो।बैठक में अपर मुखय चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपांकर डेनियल, डॉ. रेनू सूठा, डॉ. गणेश धर्मशक्तू, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय शर्मा, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजेश ठकरियाल एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम मदन सिंह मेहरा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## NEWS / फटाफट

### पीलिया व डायरिया का प्रकोपः 3 दिन स्कूल रहेंगे बंद

नैनीताल । जिले के भीमताल विकास खंड के तहत ज्योलीकोट तथा आस पास के क्षेत्रों के कई गांवों में पीलिया और डायरिया जैसी बीमारियों के तेजी से फैलने के कारण स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। कई छात्र इसकी चपेट में आ चुके हैं। छात्र सुरक्षा की गंभीरता को देखते हुए बलॉक प्रमुख डॉ0. हरीश सिंह बिष्ट ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर तीन दिनों के अवकाश की मांग की। जिले के मुखय शिक्षा अधिकारी रणजीत सिंह नेगी द्वारा आधिकारिक आदेश के अनुसार ज्योलीकोट क्षेत्र के कुछ विशिष्ट विद्यालयों में 1 सितंबर से 3 सितंबर तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। इसके तहत राजकीय इंटर कालेज ज्योलीकोट, राप्राबि/राउमाबि भल्यूटी, बेलुवाखान व गांजा के साथ ही हिमालयन एकेडमी ज्योलीकोट,संत एंथोनी कान्वेंट स्कूल ज्योलीकोट व आंगनबाडी केंद्र ज्योलीकोट,भल्यूटी व बेलुवाखान बंद रहेंगे। बता दें यह आदेश बलॉक प्रमुख भीमताल डॉ0 हरीश सिंह बिष्ट के पत्र और मुखय विकास अधिकारी नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में छात्रहित और जनहित को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। बलॉक प्रमुख के निर्देश पर उक्त प्रभावित क्षेत्र में घर-घर जाकर उनके पेयजल टैंको में भी हाइपो आदि डालकर पानी को शुद्ध करने का कार्य किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द लोगों को राहत मिल सके।

### टीआरसी के प्रबंधक रौतेला ने सेवानिवृत पर रोपा रुद्राक्ष का पौधा

नैनीताल । कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से संचालित पर्यटक आवास गृह जागेश्वर में सोमवार को आवास गृह के प्रबंधक अर्जुन रौतेला के सेवानिवृति के अवसर पर कुमाऊं मंडल विकास निगम के पूर्व प्रबंधक/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरु रानी ने पौधारोपण अभियान के 777 वें दिन सेवान्विृत समारोह को पौधारोपण अभियान से जोड़ते हुए आवास गृह परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगवाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि अर्जुन रौतेला का कार्यकाल सराहनीय रहा है। इस अवसर पर अर्जुन रौतेला के परिवार के साथ आवास गृह के प्रबंधक प्रकाश सिंह भैंसोड़ा ,विनोद तिवारी, होलीडे होम की प्रबंधक शीला साह, पूर्व प्रबंधक धन सिंह बिष्ट, पूर्व प्रबंधक एलडी पांडे, देव बहादुर थापा, डीनापानी के प्रबंधक दीवान सिंह, बिनसर के प्रबंधक संजय मेहरा, गैस प्रबंधक अल्मोड़ा मुकेश जलाल समेत हरीश कांडपाल, धन सिंह बिष्ट, दरपान रौतेला, देव बहादुर थापा, नरेश कुमार, योगेश गर्बियाल, निखिलेश बिष्ट, गौरव पांडे सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे। अर्जुन रोतेला ने सभी का आभार प्रकट किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कुविवि परिवार ने दी कुलपति प्रो. रावत को भावपूर्ण विदाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में कुलपति प्रो.(कर्नल) दीवान सिंह रावत के कार्यकाल की पूर्णता के अवसर पर सोमवार को उनके सम्मान में हर्मिटेज भवन में गरिमापूर्ण एवं भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया।



बता दें समारोह में विश्वविद्यालय के गुरुजनों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों व विद्यार्थी, पूर्व छात्र तथा विभिन्न स्कूलों के गुरुजन एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों सहित लगभग 300 लोगों ने प्रतिभाग किया।समारोह का शुभारंभ कुलपति प्रो.(कर्नल) दीवान सिंह रावत, प्रभारी कुलसचिव एवं परिसर निदेशक के मंचासीन होने के साथ हुआ। प्रभारी कुलसचिव द्वारा स्वागत उद्बोधन के पश्चात विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति के सममान में साइटेशन प्रस्तुत किया गया। साइटेशन में प्रो. रावत के कुमाऊँ विश्वविद्यालय के साथ विद्यार्थी, विद्वान एवं कुलपति के रूप में रहे विशिष्ट संबंध तथा उनके कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय में अनुसंधान, नवाचार व शैक्षणिक एवं अनुसंधान अवसंरचना, छात्र सुविधाओंए डिजिटल एवं पुस्तकालय संसाधनों व कौशल विकास तथा संस्थागत सहयोग के क्षेत्र में किए गए प्रयासों को रेखांकित किया गया।

समारोह में शांति मेहरा, अरविंद पडियार, प्रो. संजय पंत, प्रो. वीना पांडे तथा डॉ. लक्ष्मण रौतेला तथा छात्र संघ अध्यक्ष करण सती ने अपने संबोधनों में प्रो. रावत के कार्यकाल एवं विश्वविद्यालय के विकास में उनके योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि एक पूर्व छात्र के रूप में अपनी ही अल्मा मेटर के कुलपति के रूप में सेवा करना प्रो. रावत की शैक्षणिक यात्रा का विशिष्ट और गौरवपूर्ण अध्याय है।अपने संबोधन में माननीय कुलपति प्रो.रावत ने विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय से उनका संबंध विद्यार्थी जीवन से ही रहा है और कुलपति के रूप में विश्वविद्यालय की सेवा करना उनके लिए विशेष सममान का विषय रहा। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से मिले सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन प्रो. रीतेश साह ने किया।

## कुविवि के कुलपति प्रो.रावत व डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो.शर्मा का हुआ सम्मान

नैनीताल। कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के कला संकाय के सभागार में सोमवार को विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत तथा परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा की अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर उनका परिसर प्रशासन की ओर से विशेष सममान किया गया । इस दौरान कुलपति प्रो.रावत का कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्हें शॉल ओढाकर तथा जागेश्वर धाम का चित्र भेंट किया गया वहीं परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा को शॉल उढ़ाकर तथा गोलू देवता का चित्र भेंट कर उन्हें सममानित किया गया । इस अवसर पर वक्ताओं ने विश्वविद्यालय में सेवा देने तथा कार्यों के निस्तारण हेतु धन्यवाद दिया गया । कार्यक्रम में प्रो. संजय पंत, प्रो. संजय घिल्डियाल, प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट, डॉ किरण तिवारी तथा डॉ पंकज सिंह ने विचार रखे तथा धन्यवाद किया । कार्यक्रम का संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया ।

# अभिमत

## आपदा को न्यौता

*सवाल यह उठता है कि जब जंगल के निकट कालोनियां विकसित होती हैं, तब वन विभाग और प्रशासन क्यों नहीं रोकता है? उत्तराखंड में जंगल की भूमि पर अतिक्रमण सबसे अधिक है। सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले से ज्यादा नौकरशाही और सभी पार्टियों से जुड़े नेता जिम्मेदार हैं। वोट के लिए अवैध कार्य करने वालों पर नेताओं का वरदहस्थ रहता है। वन विभाग के कर्ताधर्ता अपने चहेतों को जमीन पर कब्जे के लिए कहते हैं और भवन निर्माण होने तक अनदेखी करते हैं। अवैध रूप से बसी कालोनियों में सरकारी स्कूल, अस्पताल, बिजली के ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल, पेयजल के नलकूप तथा आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाई जाती है।*

प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को राहत पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में हर मौसम में आपदा की चुनौती बनी रहती है। गर्मी में आग से जंगल धधकने लगते हैं। गर्मी में वनों की आग से हजारों पेड़ तथा जड़ी-बूटियों के पौधे नष्ट हो जाते हैं। जंगल की आग से अनेक लोगों की मौत हो जाती है। कई बार वन में लगी आग आबादी क्षेत्र तक पहुंच जाती है। प्रशासन द्वारा आग पर काबू पाने के साथ ही पीड़ितों को राहत पहुंचाने में प्राथमिकता दी जाती है। मानसून के दौरान बादल फटने, भूस्खलन, नदियों में उफान से सड़क व पुल टूटने तथा मकान ढहने की घटनाएं होती हैं। प्रशासनिक अधिकारियों, वन विभाग, पुलिस, एसडीआरएफ तथा सेना द्वारा जान-माल की क्षति रोकने के साथ पीड़ितों को हरसंभव मदद पहुंचाई जाती है। उत्तराखंड में पिछले दो-तीन दशक में अनियोजित विकास से सरकारी जमीन पर कब्जा करके नई कालोनियां विकसित हो गई हैं। हल्द्वानी में बनभूलपुरा के करीब साढ़े चार हजार भवनों को ध्वस्त करने का मामला सुप्रीमकोर्ट में लंबित है। पहाड़ पर बारिश का पानी जंगल के नालों में मलबा बहाकर लाता है। कई बार नालों का पानी घरों में भर जाता है। नाले को पार करने पर वाहन बह जाते हैं। अनेक लोगों की मौत हो चुकी है। जंगल के किनारे बसे लोग सुरक्षा दीवार बनाकर नाले की बाढ़ से रक्षा की मांग कर रहे हैं, लेकिन यह मामला वन एवं पर्यावरण मंत्रालय का है। वन क्षेत्र में प्रशासन कोई भी निर्माण करने में असमर्थता जता रहा है। सवाल यह उठता है कि जब जंगल के निकट कालोनियां विकसित होती हैं, तब वन विभाग और प्रशासन क्यों नहीं रोकता है? उत्तराखंड में जंगल की भूमि पर अतिक्रमण सबसे अधिक है। सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले से ज्यादा नौकरशाही और सभी पार्टियों से जुड़े नेता जिम्मेदार हैं। वोट के लिए अवैध कार्य करने वालों पर नेताओं का वरदहस्थ रहता है। वन विभाग के कर्ताधर्ता अपने चहेतों को जमीन पर कब्जे के लिए कहते हैं और भवन निर्माण होने तक अनदेखी करते हैं। अवैध रूप से बसी कालोनियों में सरकारी स्कूल, अस्पताल, बिजली के ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल, पेयजल के नलकूप तथा आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाई जाती है। परोक्ष रूप से सरकारी विभाग भी भूमि के अतिक्रमण में बराबर के हिस्सेदार हैं। अतिक्रमण को रोका जाए तो आपदा की नौबत नहीं आये। सच यह है कि आपदा को न्यौता दिया जा रहा है, प्रकृति दोषी नहीं है।

# रुद्रपुर के बड़े प्रोजेक्ट्स को मिलेगी रफ्तार

### शहरी विकास सचिव ने किया स्थलीय निरीक्षण, महापौर के साथ शहर की भावी योजनाओं पर हुई चर्चा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

रुद्रपुर को सुनियोजित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए प्रस्तावित बड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने की कवायद तेज हो गई है।

सोमवार को उत्तराखंड शासन के शहरी विकास सचिव नितेश झा ने महापौर विकास शर्मा, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडेय,नगर निगम के अन्य अधिकारियों के साथ शहर में संचालित और प्रस्तावित विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजनाओं की प्रगति और मौके की स्थिति की जानकारी लेने के साथ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान महापौर ने शहरी विकास सचिव के समक्ष रुद्रपुर की वर्तमान समस्याओं के साथ शहर की भविष्य की जरूरतों का खाका भी रखा। ड्रेनेज और सीवर जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं से लेकर पेयजल व्यवस्था, विद्युत लाइनों को भूमिगत करने, नगर निगम की पुरानी मार्केटों के कायाकल्प, नए व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स और पर्यावरण मित्रों के लिए आवास निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर दोनों के बीच विस्तार से चर्चा हुई। महापौर ने इन योजनाओं को जल्द धरातल पर उतारने के लिए शासन स्तर से सहयोग की अपेक्षा की, जिस पर सचिव ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए आवश्यक सहयोग का भरोसा दिलाया।



**शहरी विकास सचिव ने ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया :** शहरी विकास सचिव नितेश झा ने किच्छा रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। यहां कभी वर्षों से जमा कूड़े का विशाल ढेर शहर के लिए बड़ी समस्या बना हुआ था। नगर निगम के प्रयासों से अब इस स्थान की तस्वीर बदल चुकी है और कूड़े के पहाड़ वाली भूमि को पार्क के रूप में विकसित किया गया है। सचिव ने मौके पर हुए बदलाव को देखा और नगर निगम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने नगर निगम के सीबीजी प्लांट का भी निरीक्षण किया और इसकी कार्यप्रणाली एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। महापौर ने उन्हें कूड़ा निस्तारण और स्वच्छता को लेकर नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया।नगर निगम भवन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर और अधिकारियों ने उन्हें नगर निगम के प्रस्तावित नए भवन की योजना के बारे में जानकारी दी। काशीपुर बाईपास रोड पर इंडेन गैस एजेंसी के पास प्रस्तावित मल्टी कॉम्प्लेक्स के लिए चिन्हित भूमि का भी सचिव ने स्थलीय निरीक्षण किया। यहां प्रस्तावित निर्माण की रूपरेखा के साथ इंडेन गैस एजेंसी की प्रस्तावित शिफ्टिंग को लेकर भी चर्चा हुई।

महापौर ने शहरी विकास सचिव के साथ बैठक और निरीक्षण के दौरान रुद्रपुर की सबसे बड़ी समस्याओं में शामिल जलभराव और सीवर व्यवस्था का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। व्यवस्थित सीवर नेटवर्क विकसित करने की योजना को लेकर भी चर्चा हुई। महापौर विकास शर्मा ने निरीक्षण के बाद कहा कि शहरी विकास सचिव नितेश झा के साथ रुद्रपुर की आगामी योजनाओं को लेकर बेहद सकारात्मक और विस्तृत चर्चा हुई है।महापौर ने कहा कि हमारा प्रयास रुद्रपुर को उत्तराखण्ड के आदर्श नगर निगम के रूप में विकसित करने का है।

## फुटपाथ पर कब्जा जमाने वालों पर निगम का डंडा

**हल्द्वानी।** शहर में फुटपाथों को कब्जामुक्त कराने के लिए नगर निगम ने एक बार फिर अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई का अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को निगम की टीम ने मुखानी से चौफुला और एमबी इंटर कॉलेज के आसपास फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। कार्रवाई से सड़क और फुटपाथ घेरकर कारोबार करने वालों में खलबली मच गई। अभियान के दौरान निगम की टीम ने फुटपाथ और सार्वजनिक स्थान पर रखा करीब तीन गाड़ी सामान जब्त किया। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 22 चालान किए गए, जिनसे कुल 9,600 रुपये का जुर्माना वसूला गया। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि फुटपाथ आम लोगों के आवागमन के लिए हैं। इन पर सामान रखकर या अस्थायी ढांचे खड़े कर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अभियान में गणेश भट्ट, आईपी पंत, एसआई कार्तिक, दीपक समेत नगर निगम की टीम शामिल रही।

## मौलाना मुफ्ती मुजीब के मदरसे पर भी धामी सरकार ने डाला ताला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

त्रिशूल चौक पर धामी सरकार को मदरसे बंद करने पर बिगड़े बोल बोलने वाले मुफ्ती मुजीब के मदरसे पर जिला प्रशासन ने ताला डाल दिया। जिला प्रशासन के मुताबिक मदरसा बिना अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण की मान्यता के चल रहा था। उत्तराखंड में धामी सरकार ने मदरसा बोर्ड खत्म करके अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण बना दिया है और मदरसों को प्राधिकरण और उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से मान्यता लेना अनिवार्य है।

धामी सरकार की इस सख्ती के खिलाफ ही मौलाना मुफ्ती लामबंद हो रहे है। ऊधम सिंह नगर जिले में 118 मदरसे है, जिसमें से पांच पहले ही बंद हो चुके हैं। 60 ने अभी तक आवेदन नहीं किया है शेष ने मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। डीएम नितिन भदौरिया ने बताया कि मौलाना मुफ्ती मुजीब ऊधम सिंह नगर में बोल रहे थे उनका मदरसा फैजुल मुस्तफा है उसमें वह प्राचार्य है और यह मदरसा भी मान्यता प्राप्त नहीं है जिसे सील कर दिया गया है।मदरसा जामियातुल हसनात है यह जाहिद राजा का है वह भी सील किया गया है, इनके पास मान्यता के।आवश्यक दस्तावेज नहीं थे। अल्पसंख्यक विभाग के सचिव डॉ पराग मधुकर धकाते ने बताया कि 452 मदरसे ,पूर्व में बोर्ड ने पंजीकृत थे, जिन्हें अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण में मान्यता लेनी है ,जो मान्यता नहीं लेंगे वो बंद किए जायेंगे।


उन्होंने बताया कि करीब दो सौ मदरसों आवेदन प्राप्त हुए है उनका स्पॉट सर्वे कराया जा रहा है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी स्पष्ट कह चुके है कि देवभूमि में काबिलाई शिक्षा का कोई स्थान नहीं और न ही मुल्लावादी सोच यहां पनपने दी जाएगी। कट्टरपन फैलाने वाले मौलवी साहब को जेल भेज दिया है और कानून अपना काम कर रहा है।सरकार जो नियम कानून बनाती है उसका पालन हर हाल में कराया जायेगा।

## बैंक खाते में पहुंची साईबर ठगी की रकम

**रुद्रपुर।** साईबर ठगी की रकम संदिग्ध बैंक खाते में पहुंचने और बाद में चेक के जरिए निकाले जाने का मामला सामने आया है। साईबर सेल ऊधम सिंह नगर को समन्वय पोर्टल के माध्यम से बंधन बैंक रुद्रपुर में संचालित एक संदिग्ध खाते को लेकर शिकायतें मिली थीं। मामले की जांच एएसआई अमित कुमार को सौंपी गई।जांच के दौरान खाते में 2.75 लाख रुपये की संदिग्ध धनराशि पहुंचने की पुष्टि हुई। पुलिस ने बैंक से संबंधित खाते के अभिलेख,केवाईसी दस्तावेज और लेनदेन का विवरण हासिल कर पड़ताल शुरू की। बैंक रिकॉर्ड की जांच में सामने आया कि खाते में 2.75 लाख रुपये प्राप्त हुए थे। इसके बाद साईबर सेल से लेनदेन के संबंध में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि इस धनराशि से जुड़े मामले में राष्ट्रीय साईबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दो से तीन शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक साईबर ठगी से प्राप्त धनराशि खाते में आने के बाद उसे चेक के माध्यम से बैंक से निकाल लिया गया।

# फिल्मी दुनिया

## कृति सेनन के विज्ञापन विवाद से जुड़े सवाल पर बचती दिखीं करीना





*रक्षाबंधन त्योहार के वक्त कृति सेनन अपने एक ब्रांड विज्ञापन के चलते काफी ट्रोल हुई थीं। अब हाल ही में इस मामले पर जब करीना कपूर से उनकी राय पूछी गई, तो वे इस सवाल से बचती नजर आईं।*

*कृति सेनन के हालिया राखी विज्ञापन को लेकर चल रहे विवाद के बीच करीना कपूर खान से भी स्क्रीन पर कपड़े पहनने को लेकर सवाल किया गया। हालांकि, करीना इस सवाल का जवाब देने में थोड़ी झिझकती नजर आईं। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। यह सवाल करीना की आने वाली फिल्म 'दायरा' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान पूछा गया। दरअसल, हाल ही में एक ज्वेलरी ब्रांड ने रक्षाबंधन के मौके पर कृति सेनन का एक विज्ञापन जारी किया था, जिसमें उनके आउटफिट को लेकर सोशल मीडिया पर विवाद शुरू हो गया था। इसी विवाद के बीच करीना से पूछा गया कि क्या स्क्रीन पर वह इस बात को लेकर कोई सीमा तय करती हैं कि वह क्या पहनेंगी और क्या नहीं पहनेंगी। सवाल सुनने के बाद करीना थोड़ी असहज और हिचकिचाती हुई नजर आईं। तभी फिल्म की डायरेक्टर मेघना गुलजार ने बात संभालते हुए जवाब दिया।*

### मेघना गुलजार ने क्या कहा?

*मेघना ने समझाया कि किसी एक्टर के कपड़े इस बात पर निर्भर करते हैं कि फिल्म में उसका किरदार कैसा है और डायरेक्टर उस किरदार को किस तरह दिखाना चाहता है। उन्होंने कहा, 'उस फिल्म में किसी महिला या पुरुष का क्या किरदार है, उसके हिसाब से उन्हें कपड़े पहनाए जाएंगे। यह किरदार पर निर्भर करता है। यह डायरेक्टर पर निर्भर करता है। यह सवाल सिर्फ एक एक्टर से पूछना सही नहीं है।'*

## 14वें यंग उत्तराखंड सिने अवार्ड्स में अभिनेत्री कल्याणी गंगोला को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का खिताब

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंडी सिनेमा और संस्कृति को बढ़ावा देने वाले प्रतिष्ठित 14वें यंग उत्तराखंड सिने अवार्ड्स में अभिनेत्री कल्याणी गंगोला को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के खिताब से नवाजा गया है। उन्हें यह पुरस्कार उनकी पहली गढ़वाली फ चिर फिल्म दी होंला जब साथ में शानदार और जीवंत अभिनय के लिए दिया गया है।

थिएटर, हिंदी सिनेमा और फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में पहचान बनाने के बाद क्षेत्रीय सिनेमा में कल्याणी की यह पहली और बेहद सफल दस्तक है।समारोह में कल्याणी ने अपनी सधी हुई अदाकारी और बेहतरीन स्क्रीन प्रेजेंस से न केवल दर्शकों का मन मोहा बल्कि जूरी सदस्यों को भी प्रभावित किया। पुरस्कार ग्रहण करते हुए कल्याणी ने फिल्म के निर्देशक,पूरी टीम और अपने प्रशंसकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए बेहद खास है और उन्हें भविष्य में क्षेत्रीय सिनेमा के लिए और अधिक लगन से काम करने की प्रेरणा देगा।

इस भव्य अवार्ड समारोह में उत्तराखंडी फिल्म जगत की कई दिग्गज हस्तियों, कलाकारों और संस्कृति प्रेमियों ने शिरकत की। यंग उत्तराखंड संस्था पिछले कई वर्षों से लगातार इस मंच के जरिए राज्य की फिल्मों, लोक संगीत और स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का सराहनीय कार्य कर रही है। इस वर्ष भी कई श्रेणियों में कलाकारों और तकनीशियनों को सममानित किया गयाए जिससे स्थानीय फिल्म निर्माण को एक नई ऊर्जा और दिशा मिली है। यह आयोजन उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सिनेमाई प्रतिभा को दुनिया के सामने लाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है।

# नारी शक्ति की प्रेरणादायी मिसाल बनीं डॉ. कंचन नेगी, नारी शक्ति सम्मान-2026 से सम्मानित

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

शिक्षा, मीडिया, प्रोफेशनल एजुकेशन एवं युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रहीं अंतर्राष्ट्रीय शिक्षाविद् डॉ. कंचन नेगी को हरियाली तीज के अवसर पर देहरादून में आयोजित एक गरिमामय समारोह में नारी शक्ति सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।



देहरादून के एक होटल में आयोजित समारोह में डॉ. कंचन नेगी को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर एवं कैबिनेट मंत्री खजान दास ने उन्हें शिक्षा, मीडिया, प्रोफेशनल एजुकेशन व विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सममानित किया।

डॉ. कंचन नेगी शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि कौशल, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और बेहतर करियर की नींव मानती हैं। इसी सोच के साथ वे देहरादून में विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से विद्यार्थियों को कम लागत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और करियर मार्गदर्शन मुहैया कराने के लिए कार्य कर रही हैं। विद्यार्थियों को रोजगारपरक एवं प्रोफेशनल शिक्षा के अवसर मुहैया कराए जा रहे हैं।विशेष बात यह है कि इन प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों को विद्यार्थियों की पहुंच में रखने के लिए किफ़ायती फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

डॉ. कंचन नेगी के शैक्षणिक प्रयासों का एक महत्वपूर्ण आयाम भी हैं। यहां विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अंग्रेजी दक्षता के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।डॉ. कंचन नेगी का मानना है कि आज के वैश्विक युग में महत्वपूर्ण और अंग्रेजी भाषा में दक्षता विद्यार्थियों के लिए देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में अवसरों के द्वार खोल सकती है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा एवं बेहतर करियर अवसरों के लिए मार्गदर्शन और भी प्रदान किया जाता है।डॉ. कंचन नेगी स्कूली विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मार्गदर्शन मुहैया करा रही हैं।उनका विशेष प्रयास है कि आर्थिक संसाधनों की कमी किसी प्रतिभाशाली विद्यार्थी की शिक्षा में बाधा न बने। इसी उद्देश्य के साथ विद्यार्थियों को अपेक्षाकृत कम फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, परीक्षा तैयारी व व्यक्तित्व विकास और करियर मार्गदर्शन मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है।चमोली जनपद के नारायणग्राम की मूल निवासी और देहरादून में पली बढ़ी डॉ. कंचन नेगी ने अपनी कर्मभूमि देहरादून को बनाया है। पहाड़ की जड़ों से जुड़ी उनकी सोच और शिक्षा के प्रति समर्पण ने उन्हें एक विशिष्ट पहचान दिलाई है।उनका प्रयास है कि उत्तराखंड के प्रतिभाशाली युवाओं को शिक्षा और रोजगार के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर न रहना पड़े बल्कि उन्हें अपने ही प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रोफेशनल प्रशिक्षण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और वैश्विक अवसरों के लिए आवश्यक कौशल मुहैया हो सकें। शिक्षा, मीडिया, प्रशिक्षण व युवा मार्गदर्शन और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में डॉ. कंचन नेगी के योगदान को विभिन्न मंचों पर सममान मिला है। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें अब तक 80 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार एवं सममान प्राप्त हो चुके हैं।नारी शक्ति सममान-2026 उनकी इसी बहुआयामी एवं निरंतर उपलब्धियों की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण सममान के रूप में जुड़ा है। हर बच्चे को मिले अपनी क्षमता के अनुरूप अवसर सममान प्राप्त करने के बाद डॉ. कंचन नेगी ने कहा कि मेरे लिए यह सममान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उन प्रयासों का सममान है जिनका उद्देश्य हर विद्यार्थी को उसकी क्षमता के अनुरूप अवसर मुहैया कराना है।

## News कॉर्नर

### घर में घुसकर मारपीट का आरोप, मां-बेटे को पीटा, पुलिस से कार्रवाई की गुहार

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र में मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। राजेंद्र नगर वार्ड नंबर-13 निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान कुछ लोगों ने उसके बेटे के साथ मारपीट की और बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी अभद्रता की। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।
पुलिस को दी गई शिकायत में मंजू देवी पत्नी प्रकाश चंद्र ने बताया कि 31 अगस्त को उसका पुत्र दीपक घर की ओर आ रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। शोर सुनकर जब वह मौके पर पहुंची और बेटे को बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी कथित तौर पर अभद्रता और मारपीट की। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने दीपक को पकड़कर उसके साथ मारपीट की तथा उसके सिर और शरीर पर चोटें आईं।

# शुद्धीकरण मामले पर भाजपा प्रवक्ता शुक्ला ने कांग्रेस पर साधा निशाना

किच्छा

हमारे संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 8 अगस्त की कांग्रेस रैली के संबंध मे हल्द्वानी में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम को लेकर दिए गए बयान पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने बिना किसी ठोस प्रमाण के एक धार्मिक आयोजन को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जाति से जोड़कर पूरे प्रकरण को जातिगत रंग देने का प्रयास किया है। कहा कि राहुल गांधी आज तक ऐसा कोई ठोस प्रमाण सार्वजनिक नहीं कर पाए हैं, जिससे यह साबित हो कि उक्त कार्यक्रम में हवन-शुद्धीकरण की प्रक्रिया मल्लिकार्जुन खड़गे की जाति के कारण की गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम न तो भाजपा का था और न ही उत्तराखंड सरकार का। कार्यक्रम का आयोजन एक स्वतंत्र



धार्मिक संगठन द्वारा किया गया था। यदि कांग्रेस के पास इस आयोजन में भाजपा अथवा राज्य सरकार की किसी भी प्रकार की संलिप्तता का कोई प्रमाण है तो उसे सार्वजनिक करना चाहिए। केवल राजनीतिक मंच से आरोप लगाने मात्र से कोई बात सत्य साबित नहीं हो जाती। आयोजकों ने भी स्पष्ट किया गया है कि कार्यक्रम को किसी व्यक्ति की जाति से नहीं, बल्कि रामलीला मैदान की धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा से जोड़कर देखा गया था।कहा कि इस पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि वाल्मीकि समाज से जुड़े अमित कुमार स्वयं कार्यक्रम में शामिल होने की बात कह रहे हैं और उन्होंने राहुल गांधी के बयान के विरुद्ध शिकायत भी दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि एफआईआर दर्ज होना किसी व्यक्ति को दोषी सिद्ध करने का प्रमाण नहीं, बल्कि लगाए गए आरोपों की कानूनी जांच शुरू होने का आधार है। पुलिस वीडियो फुटेज, प्रेस कॉन्फ्रेंस की पूरी रिकॉर्डिंग, मूल कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग तथा संबंधित लोगों के बयान सहित उपलब्ध तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर मामले की सत्यता की जांच कर रही है।

# नैनीताल में गुस्साए भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हेमंत बेदी के नेतृत्व में सोमवार को मल्लीताल स्थित पंत पार्क में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका गया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया। राहुल गांधी और कांग्रेस द्वारा लगातार दिए जा रहे बयानों से कार्यकर्ताओं में रोष है, कांग्रेस नेता देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे है जिसको लेकर पुतला दहन के बाद मल्लीताल कोतवाली में राहुल गाँधी के खिलाफ तहरीर भी दी गई। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अरविन्द पडियार ने कहा 2027 में उत्तराखंड में विस चुनाव होने वाले हैं, उत्तराखंड में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी आने वाली है, हताश व निराश कांग्रेस पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी पर झूठे आरोप लगाए हैं, मल्लिकार्जुन खड़गे के हल्द्वानी कार्यक्रम में सभा का शुद्धिकरण किया गया जिसका कोई परिणाम नहीं है जो गलतीहीन है आधारहीन है, पडियार ने कहा वह कार्यक्रम स्थल धार्मिक स्थल है, रामलीला मैदान है जिसमें धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं तथा यज्ञ व धार्मिक पूजाये व कथाएँ होती हैं उस स्थल पर यह कार्यक्रम हुआ था जिसे मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने समाज से होते देख लिया उक्त कार्यक्रम में कोई भीड़ भी नहीं थी जो कांग्रेस में अपेक्षा की थी उसके तहत भीड़ नहीं इकठा थी जिससे कांग्रेस हताश निराश थी जिस कारण बीजेपी पर झूठे आरोप लगाए गए।

इस दौरान अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष हेमंत वेदी, गौरव, मनोज पवार, प्रदीप आर्य, अरविन्द पडि?ार, केके शर्मा, मयंक पंत, भारत मेहरा, कमल जोशी, विजय कुमार, बिक्रम राठौर,अमिता शाह, रश्मि सिराला, आध्या जायसवाल, विश्वकेतु, आनंद बिष्ट, भूपेंद्र बिष्ट समेत युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष ऋतूल कुमार व अन्य मौजूद रहे।

# नशे पर बड़ी कार्रवाई, 25 लाख कीमती एमडीएमए बरामद

रुद्रपुर/टनकपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत डीजीपी दीपम सेठ के जारी निर्देशों के मुताबिक एसएसपी एसटीएफ ने राज्य को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एसटीएफ को नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने तथा राज्यभर में सतर्क निगरानी रखने को निर्देशित किया है।

इसी अभियान के तहत एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कुमाऊँ यूनिट ने तकनीकी एवं मैनुअल इनपुट विकसित कर सटीक सूचना के आधार पर कोतवाली टनकपुर पुलिस के साथ संयुक्त आपरेशन अभियान में बाईक सवार 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

अभियुक्तों के कब्जे से करीब 244.06 ग्राम एमडीएमए बरामद हुई। एसटीएफ के अधिकारियों के मुताबिक बरामद एमडीएमए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 25 लाख आंकी गई है। एसटीएफ एंटी नारकोटिक्स यूनिट गिरफ्तार अभियुक्तों के फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेज की गहनता से जानकारी जुटा रही है। ताकि मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके। गिरफ्तार अभियुक्त रुद्रपुर ऊधमसिह नगर के निवासी हैं। टीम की ओर से तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1.इमरान, निवासी रुद्रपुर
2.आशीष, निवासी रुद्रपुर, जनपद ऊधमसिंहनगर
3.अभिषेक, निवासी रुद्रपुर, जनपद ऊधमसिंहनगर।

एसटीएफ की एएनटीएफ यूनिट की यह इस वर्ष की सबसे बड़ी कार्रवाई हैं। टीम प्रभारी के मुताबिक नशे के खिलाफ यूनिट लगातार कार्रवाई कर रही है।

एसटीएफ एंटी नारकोटिक्स टीम में निरीक्षक पावन स्वरूप, एसआई विपिन जोशी, एसआई विनोद जोशी, एसआई जगदीप नेगी, हेड कांस्टेबल किशोर कुमार, वीरेंद्र चौहान, कांस्टेबल इसरार अहमद के अलावा कोतवाली टनकपुर के प्रभारी निरीक्षक चेतन रावत, एसआई जितेंद्र बिष्ट, हेड कांस्टेबल कमल कुमार आदि शामिल रहे।

# हाईकोर्ट ने कोई ठोस सबूत नहीं होने से चारों आरोपियों को किया बरी

नैनीताल । हाईकोर्ट ने वर्ष 2003 में हल्द्वानी में मुरादाबाद के कैसेट व्यापारी की हत्या के दोषियों द्वारा द्वारा निचली अदालत से मिली आजीवन कारावास के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं होने से चारों आरोपियों को बरी कर दिया।
मामले की सुनवाई न्यायमूर्ती रविंद्र मैथाणी और न्यायमूर्ती सीधार्थ साह की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार वर्ष 2003 में हल्द्वानी में मुरादाबाद के कैसेट व्यापारी के नौकर राज की हत्या कर दी गई थी।

# सरकार की प्रमुख योजनाओं का करें व्यापक प्रचार प्रसार: ध्रुव रौतेला

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन भीमताल के सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने अधिकारियों को विभाग की योजनाओं के साथ ही सरकार की प्रमुख योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने के साथ की जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने की बात अधिकारियों के सममुख कही।उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जनहित से जुड़े कार्यों को प्रभावी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के साथ ही विभाग में किए जा रहे विकास कार्यों एवं अभिनव प्रयासों को जन जन को भी जानकारी देते हुए प्रचार प्रसार करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवा मुखयमंत्री द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों एवं संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जनहितकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। इसी दौरान उन्होने जल जीवन मिशन के तहत जनपद में पेयजल विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो सहित विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान उत्तराखंड मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष रौतेला द्वारा भीमताल झील परिक्षेत्र में एक बोगन बेलिया का पौध भी रोपित किया।बैठक में मुखय विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जिला विकास अधिकारी संतोष पंत, मुखय उद्यान अधिकारी प्रेमा राना,सहायक परियोजना अधिकारी चन्दा फ र्त्याल सहित विद्युत विभाग, पेयजल निगम व जल संस्थान एवं अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश भर में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, दून में स्कूल-आंगनबाड़ी बंद

देहरादून

हमारे संवाददाता

मौसम की स्थिति के मद्देनजर जिलाधिकारी देहरादून ने दिनांक 1 सितंबर को जनपद के समस्त विद्यालयों (कक्षा 1 से 12 तक) एवं सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया है।

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में फिलहाल बारिश से राहत के आसार नहीं हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार सितंबर की शुरुआत भी तेज बारिश के साथ ही होगी। विभाग ने एक सितंबर के लिए देहरादून और टिहरी जिले में भारी



बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा मौसम की स्थिति के मद्देनजर जिलाधिकारी देहरादून ने दिनांक 1 सितंबर को जनपद के समस्त विद्यालयों (कक्षा 1 से 12 तक) एवं सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया है।

मौसम विभाग ने अलावा पौड़ी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल और हरिद्वार जिले में बिजली चमकने के साथ तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। आने वाले दिनों की बात करें तो छह सितंबर तक प्रदेश भर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा।
लगातार कुछ दिनों से हो रही बारिश ने सोमवार दिन भर राहत दी तो शाम को अचानक मौसम में हुए बदलाव के साथ आफत की बारिश भी हुई। करीब घंटे भर तक हुई मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।